भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 86
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन पर जी-20 शिखर सम्मेलन का प्रभाव

86. श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का देश के पर्यटन क्षेत्र पर पड़े प्रभाव का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा ऐसे शिखर सम्मेलन हेतु हरियाणा राज्य के पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान हरियाणा सहित पूरे देश में 60 स्थलों पर 200 से अधिक बैठकों का आयोजन किया गया । इन सभी गंतव्यों ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा और भारत को वैश्विक पर्यटक मानचित्र पर स्थापित किया है । जी-20 बैठकों से सरकारों, निजी क्षेत्र और अन्य हितधारकों के बीच वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिला है और भारत आने वाले जी-20 के प्रतिनिधियों को यादगार अनुभव उपलब्ध हुए है ।

इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए मेजबान शहरों में अवसंरचना का उन्नयन किया गया है और हितधारकों के क्षमता निर्माण के लिए अनेक पहलें की गई हैं । जी-20 के शिष्टमंडलों द्वारा भ्रमण के लिए मेजबान शहरों में और उनके आसपास के विभिन्न विरासत स्मारकों को भी सजाया-संवारा गया और उन्हें भारत की समृद्ध प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिला है ।

*****